


# कामयाबी की ओर...

## कक्षा - XI

## (द्‌वितीय भाषा हिंदी कार्यपत्र)



**समग्र शिक्षा केरल**


കേരള സർക്കാർ
പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ്

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

प्रिय मित्रो,

मूल्यांकन पढ़ाई के अनुरूप चलने वाली एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। फिर भी उसके लिए अभ्यास की जरूरत है। विश्वास है, मूल्यांकन की दृष्टि से दी जाने वाली यह सामग्री आपके लिए मददगार होगी। आप इसका फायदा उठाएँ।


| | | पन्ना |
|---|---|---|
| 1 | पोस्टर | 3-6 |
| 2 | डायरी | 7-8 |
| 3 | विज्ञापन | 9-14 |
| 4 | जीवन वृत्त से अनुच्छेद की ओर | 15-18 |
| 5 | चरित्र पर टिप्पणी | 19-20 |
| 6 | सही मिलान | 21 |
| 7 | सूचना अधिकार पत्र | 22-25 |
| 8 | संक्षेपण | 26-29 |
| 9 | लघु प्रश्नोत्तर | 30-40 |

# पोस्टर

**गद्यांश पढ़ें..**

2 अक्टूबर को गाँधी जंयती समारोह है। इस अवसर पर जी.एच.एस.एस कोल्लम कलापोषिणी क्लब के नेतृत्व में 'गाँधीजी और आज़ादी' विषय पर एक चित्र-प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। स्कूल मैदान में शाम 4 बज़े इसका उद्घाटन होगा। जिलाधीश उद्घाटक हैं। प्रदर्शनी में सबका स्वागत है।

**रेखांकित शब्दों की सहायता से पोस्टर भरें।**

# जी.एच.एस.एस. कोल्लम

**............................ समारोह**

**......... अक्तूबर 2024 को**

## *चित्र-प्रदर्शनी*

**विषय – .................**

**उद्घाटक -..............................**

**स्थान - ........................**

**समय - ........................**

**............. स्वागत ........... क्लब**

**पोस्टर की मदद से तालिका भरें। (हाँ/नहीं )**

| | हाँ/नहीं |
|---|---|
| (1) समारोह का उल्लेख है। | |
| (2) तारीख का उल्लेख है। | |
| (3) स्कूल का नाम है। | |
| (4) कार्यक्रम का उल्लेख है। | |
| (5) विषय का उल्लेख है। | |
| (6) उद्घाटक का उल्लेख है। | |
| (7) स्थान और समय की सूचना है। | |
| (8) सबका स्वागत किया है। | |
| (9) क्लब का उल्लेख है। | |

**जून 5 पर्यावरण दिवस** है। इस अवसर पर जी.एच.एस.एस. आलुवा के **इको क्लब (Eco club)** के नेतृत्व में **वृक्षारोपण कार्यक्रम** का आयोजन हो रहा है। **एम.एल.ए.** इसका उद्घाटन करेंगे। इसके लिए **आकर्षक पोस्टर तैयार करें।**

**गद्यांश पढ़ें..**

जी.एच.एस.एस. कण्णूर में हिंदी क्लब के नेतृत्व में नाटक का मंचीकरण हो रहा है। ग्यारहवीं कक्षा के छात्र जुलूस नाटक का मंचीकरण कर रहे हैं। स्कूल प्रिंसिपल इसका उद्घाटन करेंगे। 10 दिसबंर 2024 सुबह 10 बजे स्कूल सभागृह में कार्यक्रम का आयोजन होगा। मंचीकरण देखने के लिए सबका स्वागत है।

**रेखांकित शब्दों की सहायता से पोस्टर भरें।**

# जी.एच.एस.एस. कण्णूर

**............. का मंचीकरण**



**नाटक का नाम - .................**

**प्रस्तुतकर्ता - .......................**


**उद्घाटक -.....................**

**दिनाँक - .......................**

**स्थान - .......................** **समय - ........................**

**............. स्वागत ........... क्लब**

**पोस्टर की सहायता से पदसूर्य की पूर्ति करें।**



# पोस्टर

जी.एच.एस.एस. त्रिश्शूर में मीडिया क्लब के नेतृत्व में एक फिल्म प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। 'तारे ज़मीन पर' फिल्म का प्रदर्शन 21 नवंबर 2024 को स्कूल सभागृह में दोपहर 2 बजे को होगा। इसका उद्घाटन पी.टी.ए. अध्यक्ष करेंगे। फिल्म प्रदर्शनी में सबका स्वागत करते हुए **उचित पोस्टर तैयार करें।**

# डायरी

**मनीषा के स्कूल के फिल्मोत्सव का पोस्टर देखें...**

**जी एच एस एस आलुआ**


***फिल्मोत्सव* 2024**

14 फरवरी 2024 सुबह 10 बजे

स्कूल सभागृह में

**उद्घाटक : श्री.बेसिल जोसफ़**

**(फिल्मी निदेशक)**




**सबका स्वागत**

**अब मनीषा की डायरी पढ़ें ।**

14 फरवरी

स्कूल में फिल्मोत्सव था। प्रसिद्ध निदेशक बेसिल जोसफ़ का भाषण बहुत अच्छा लगा। दो सुंदर फिलमें देखने का अवसर मिला। आज का दिन मैं भूल नहीं पाऊंगी।

**मनीषा की डायरी की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ? ज़रा देखिए ।**

- तारीख है । (है/नहीं)
- उस दिन की घटना की सूचना है। (है/नहीं)
- अनुभव की अभिव्यक्ति है। (है/नहीं)
- आत्मनिष्ठ भाषा-शैली है। (है/नहीं)

**इन सूचनाओं के आधार पर 'अपराध' कहानी के छोटा भाई की डायरी लिखें ।**

- खडब्बल का खेल
- बडा भाई खेल में व्यस्त
- बडे भाई के ध्यान का अभाव
- उपेक्षा का भाव
- ईर्ष्या एवं विद्वेष
- प्रतिकार की भावना
- बडे भाई की असहायता
- पश्चाताप की भावना

# विज्ञापन

विज्ञापन देखें...




**अब इसपर ध्यान दें..**

1. यह विज्ञापन किसका है ?
   मोबाइल फ़ोन का।
2. किस कंपनी का फ़ोन है ?
   एल. बी. सी कंपनी
3. दाम कितना है ?
   60,000/-
4. छूट कितना है?
   5,000/-
5. फ़ोन की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
   कम दाम, बहुरंगी, 8 जी बी -360 जी बी, 2 वर्ष वारंटी
5. फ़ोन खरीदने पर मुफ़्त में क्या मिलता है ?
   एक चार्जर
6. आप कंपनी से कैसे संपर्क करेंगे ?
   ईमेल और दूरभाष द्वारा।

**मॉक्सो इलेक्ट्रिक कार** का यह विज्ञापन देखें और निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें..

## मॉक्सो इलेक्ट्रिक कार

**खूबियाँ...**



एक घंड़े चार्जिंग में 500 किलोमीटर
परिस्थिति अनुकूल
आकर्षक रंग
सुरक्षित यात्रा
कम दाम

मूल्य : 10,00,000/-
प्रथम 111 उपभोक्ताओं को
50,000/- रूपए की छूट

**आकर्षक सीट कवर मुफ़्त पाएँ...**

*संपर्क करें*
*ईमेल : ////////*  *दूरभाष : /////////*

1. यह विज्ञापन किसका है ?

2. छूट कितनी है ?

3. इलेक्ट्रिक कार की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?

4. कार खरीदने पर मुफ़्त में क्या मिलता है ?

5. आप कैसे संपर्क करें?

**आकर्षक मकान** का यह विज्ञापन देखें और निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें..




1. घर में कौन-कौन सी सुविधाएँ हैं?

2. घर की विशेषताएँ क्या-क्या है ?

3. घर का दाम कितना है ?

1. बाज़ार में नया हेलमेट (Helmet) आया है। उसके लिए उचित विज्ञापन तैयार करें।

**बहुरंगी**

**सुरक्षा व सुविधा**

**कम दाम**

**हर आयुवालों के लिए**

2. एक नई स्मार्ट घडी (Smart Watch) बाज़ार में आयी है।
उसके लिए उचित विज्ञापन तैयार करें।

**नया मॉडल**

**कम दाम**

**छह वर्ष वारंटी**

**स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी**

3. **ए. बी. सी कंपनी** का नया फ्लैट (Flat) आया है।
उसके लिए एक उचित विज्ञापन तैयार करें।

**2 बी एच के, 3 बी एच के, 4 बी एच के**
**बच्चों के लिए पार्क**
**पार्किंग की सुविधा**
**शहर के नज़दीक**
**आकर्षक दाम**

# जीवन वृत्त से अनुच्छेद की ओर...

**जीवन वृत्त पढ़ें...**



| | |
|---|---|
| नाम | : कबीर दास |
| जन्म | : 1398 ई . काशी |
| मृत्यु | : 1518 ई. मगहर |
| प्रमुख रचना | : बीजक - (साखी, सबद, रमैनी) |
| विशेषताएँ | : भक्ति काल के निर्गुण ज्ञानाश्रयी कवि |
| | एकेश्वरवादी कवि |
| | मानवता के प्रवर्तक |
| | समाज-सुधारक |
| देन | : जाति-पांति, ऊँच नीच तथा सामाजिक रूढ़ियों का विरोध । |

**अब इस अनुच्छेद की पूर्ति करें...**

**कबीर दास**

हिंदी साहित्य के महान कवि हैं .................. । उनका .....................1398 को ...................... में हुआ। उनकी मृत्यु .......... ई को ................ में हुई । ............................ उनकी प्रमुख रचना है। वे भक्ति काल के ............................ और एकेश्वरवादी कवि थे । वे ...................... के प्रवर्तक थे। वे .........................भी थे। आपने जाति-पाँति, ऊँच-नीच तथा ...................... का विरोध किया ।

*कबीरदास*

*हिंदी साहित्य के महान कवि हैं कबीरदास। उनका जन्म 1398 ई. को काशी में हुआ। उनकी मृत्यु 1518 ई. को मगहर में हुई । बीजक - (साखी,सबद,रमैनी) उनकी प्रमुख रचना है। वे भक्ति काल के निर्गुण ज्ञानाश्रयी और एकेश्वरवादी कवि थे। वे मानवता के प्रवर्तक थे। वे समाज - सुधारक भी थे। आपने जाति-पांति, ऊँच-नीच तथा सामाजिक रूढ़ियों का विरोध किया*

**जीवन वृत्त पढ़ें...**



| | |
|---|---|
| नाम | : उदय प्रकाश |
| जन्म | : 1 जनवरी 1952 शहड़ोल जिला, मध्य प्रदेश । |
| प्रमुख रचनाएँ | : दरियाई घोडा, कवि ने कहा, मोहन दास , सुनो कारीगर आदि |
| पुरस्कार | : केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार, भारत भूषण अग्रवाल पुरस्कार |
| देन | : मनुष्य की संवेदन शीलता को बचाए रखने का आह्वान । |

**अब ये प्रश्नोत्तर पर ध्यान दें ...**

1 . उदय प्रकाश का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

**उदय प्रकाश का जन्म 1 जनवरी 1952 में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में हुआ ।**

2 . उनकी प्रमुख रचनाएँ क्या-क्या हैं ?

**दरियाई घोडा, कवि ने कहा, मोहन दास, सुनो कारीगर आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।**

3 . उनको प्राप्त कुछ प्रसिद्ध पुरस्कार के नाम।

**केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार और भारत भूषण अग्रवाल पुरस्कार आदि उनको प्राप्त हुआ।**

4. साहित्यिक जगत में उनकी देन क्या है?

**मनुष्य की संवेदनशीलता को बचाए रखने का आह्वान उनकी देन है।**

**इन उत्तरों को क्रमानुसार लिखें, अनुच्छेद तैयार करें...**

**उदय प्रकाश**

**उदय प्रकाश समकालीन हिंदी के प्रमुख कथाकार है। उनका जन्म**

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

........................................... **बचाए रखने का आह्वान उनकी देन है।**

**जीवन वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद तैयार करें......**



नाम : चित्रा मुद्‌गल

जन्म : 10 दिसंबर 1944 चेन्नै (तमिलनाडु )

प्रमुख उपन्यास : गिलिगडु, आवाँ, एक ज़मीन अपनी

पुरस्कार : इंदुशर्मा कथा सम्मान और उत्तर प्रदेश साहित्य सम्मान

विशेषताएँ : बहुमुखी साहित्यिक प्रतिभा

स्त्री-पुरुष समभावना पर बल

जीवन वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद तैयार करें......



| | |
|---|---|
| नाम | : अनंत गोपाल शेवड़े |
| जन्म | : 1911 ई. |
| मृत्यु | : 1979 ई. |
| प्रमुख रचनाएँ | : निशागीत, ज्वालामुखी, मंगला, तीसरी भूख |
| विशेषताएँ | : प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन के मुख्य सचिव। हिंदीतर भाषी हिंदी लेखक। |

# चरित्र पर टिप्पणी

**तालिका पढ़ें और चरित्र की विशेषताओं को चुनकर इब्राहिम अली और बीरबल सिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।**

| चरित्र की विशेषता | पात्र का नाम |
|---|---|
| • अहिंसावादी है। | इब्राहिम अली |
| • जल्लाद दारोगा है। | बीरबल सिंह |
| • देशद्रोही है। | बीरबल सिंह |
| • निड़र एवं साहसी है। | इब्राहिम अली |
| • ईमानदार एवं देशस्नेही है। | इब्राहिम अली |
| • हिंसावादी है। | बीरबल सिंह |
| • अंग्रेज़ों का पिट्ठू है। | बीरबल सिंह |
| • जुलूस का नेता है। | इब्राहिम अली |

**इब्राहिम अली** के चरित्र पर टिप्पणी।

**इब्राहिम अली अहिंसावादी है।** ..................................................................

......................................................................................................

..........................................................................................

**बीरबल सिंह** के चरित्र पर टिप्पणी।

**बीरबल सिंह जल्लाद दारोगा है।** ..........................................................

......................................................................................................

..........................................................................................

## तालिका के आधार पर चरित्र पर टिप्पणी तैयार करें।

| बड़ा भाई | छोटा भाई |
|---|---|
| * देखने में सुंदर | * दुबला-पतला एवं कमज़ोर |
| * दोस्ताना | * ईर्ष्यालु |
| * अच्छा तैराक | * झूठ बोलने वाला |
| * सहानुभूति वाला | * पश्चातापग्रस्त |

**बड़े भाई** के चरित्र पर टिप्पणी।

**छोटे भाई** के चरित्र पर टिप्पणी।

# सही मिलान

## आनंद की फुलझड़ियाँ

**सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| * जमीन खोदना | टिकट बाबू |
| * बीज फेंकना | फ्रैंक्लीन |
| * बीस डॉलर देना | बूढ़ा आदमी |
| * टिकट देना | संभ्रांत महिला |

**गोल दायरे से उचित जोड़े चुनकर लिखें।**

**जरूरतमंदों के लिए, अमराई के लिए, बैंक क्लर्क की विशेषता, यात्रा का सदुपयोग**


| | | |
|---|---|---|
| आम की गुठलियाँ | - | अगली पीढ़ी के लिए |
| बीस डॉलर | - | ................................ |
| सुंदर फल-फूलों के बीज़ | - | ................................ |
| सुंदर हस्तलिपि | - | ................................ |

**सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| बूढ़े से प्रश्न पूछना | विद्यार्थी |
| महिला से बातें करना | लेखक |
| फ्रैंक्लीन से सहायता माँगना | नौजवान |
| हस्तलिपि की तारीफ़ करना | सहयात्री |

# सूचना अधिकार पत्र

**चित्र देखें और पाठकनामा पढ़ें...**



**विजयनगर में पानी बहुत कम आता है और वह भी अशुद्ध ।**

इस संदर्भ में हम समय-समय पर अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते आए हैं, लेकिन किसीने भी ध्यान नहीं दिया। जल्द ही जल्द इसपर कार्रवाई करने की ज़रूरत है।

**अजय शर्मा**

**अजय निवास, जयपुर**

**विजयनगर में पानी कम और अशुद्ध होने का कारण क्या है?**

**अधिकारियों ने इस पर क्या कार्रवाई की है** ?

**कार्रवाई न होने पर आगे किस कार्यालय में शिकायत करनी है** ?

इन सूचनाओं की जानकारी पाने के लिए **सार्वजनिक सूचना अधिकारी**, **लोक कर्म विभाग, जयपुर** के नाम सूचना अधिकार पत्र भरें।

(रेखांकित वाक्यांशों की सहायता लें।)

**सूचना अधिकार पत्र**

**10 रुपए**

**सेवा में**

**सार्वजनिक ..............................**

**....................................विभाग**

**...............................................।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | ........................................................ |
| 2. | डाक का पूरा पता | ........................................................ |
| 3. | सूचना का विषय | ........................................................<br>........................................................ |
| 4. | माँगी गई सूचना का विवरण | **1.** विजयनगर में पानी कम और अशुद्ध होने का कारण क्या है?<br>**2.**........................................................<br>........................................................<br>**3.**........................................................<br>........................................................ |
| 5. | सूचना डाक या दस्ती में | **डाक द्वारा** |

**हस्ताक्षर**
अजय शर्मा
...................
...................।

**जयपुर**

**..../...../ 2024**

चित्र देखें और सुर्खियाँ पढ़ें ।



देश में नारी-उत्पीड़न पर रोक की ज़रूरत।

नारी-उत्पीड़न रोकने के लिए सरकार कटिबद्ध ।

नारी-उत्पीड़न : कानूनी दंड अपर्याप्त ।

नारी-उत्पीड़न रोकने की दिशा में सरकार की ओर से की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी, गृह विभाग, केरल सरकार के नाम कुमारी अंजली, राग विहार, कण्णूर सूचना अधिकार पत्र तैयार करती है। वह पत्र तैयार करें।

## सूचना अधिकार पत्र

**10 रुपए**

**सेवा में**

**सार्वजनिक ...............................**

........................................

........................................

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

____________________ ____________________

____________________ ____________________

# संक्षेपण

**यह गद्यांश पढ़ें।**

ऋतुराज बसंत के आगमन से ही शीत का भयंकर प्रकोप भाग गया। पतझड़ में पश्चिम के पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्रों को गिराकर पेड़-पौधों को स्वच्छ और निर्मल बना दिया। वृक्षों और लताओं के अंग में नूतन पत्तियों के खिलने से यौवन की मादकता छा गई।

**यह भी पढ़ें।**

**बसंत आ गया**

बसंत के आते ही शीत की कठोरता चली गई। पश्चिमी हवा ने जीर्ण पत्ते गिरा दिए और वहाँ नए पत्ते निकल आए।

**दोनों में फरक क्या है?**

- पहले गद्यांश में आशयों का विस्तृत वर्णन है ।
- दूसरे में पूरे आशय को संक्षिप्त रूप में बताया है।

संक्षेपण എന്നാൽ 'ചുരുക്കെഴുത്ത്'എന്നാണ് അർത്ഥം. തന്നിരിക്കുന്ന ഖണ്ഡിക നന്നായി വായിച്ച് ആശയങ്ങൾ നഷ്ടപ്പെടാതെ ചുരുക്കി എഴുതണം. ആവർത്തിച്ച് വരുന്ന ആശയങ്ങൾ, ഉദാഹരണങ്ങൾ, ചോദ്യങ്ങൾ, വിശദീകരണങ്ങൾ എന്നിവ ഒഴിവാക്കുക. അനുയോജ്യമായ ഒരു തലക്കെട്ട് (शीर्षक) കൂടി കൊടുക്കണം .

**गद्यांश पढ़ें...**

हमारे पूर्वजों की इसी मनोवृत्ति का फल है, जो हम जगह-जगह अमराई देखते हैं। अपने स्वार्थी जीवन से ऊँचे उठकर दूसरों को सुख और आनंद पहूँचाने का यह कैसा सुंदर स्वभाव है। निस्संदेह उस बूढ़े का जीवन एक परम सात्विक आनंद की दीप्ति से जगमगा उठा होगा और उसकी मृत्यु बहुत शांत और कष्टहीन हुई होगी। हम लोग सभी यदि इस वृत्ति को हृदयंगम कर लें तो इस दुनिया में अधिक आनंद की सृष्टि हो सकेगी, इसमें कोई शक नहीं। हमारा जीवन सच्चे सुख के प्रकाश से आलोकित हो उठेगा।

**इसका संक्षेपण भी पढ़ें...**

**सुंदर मनोवृत्ति**

हमारे पूर्वज स्वार्थता त्यागकर दूसरों को सुख प्रदान करते थे। उनकी इस मनोवृत्ति से दुनिया में आनंद दिखाई पड़ता है। हमें भी यह मनोवृत्ति अपनानी चाहिए।

**संक्षेपण की परख।**

1. संक्षेपण में आशय की पूर्णता है।
   हाँ / नहीं
2. मुख्य आशयों का चयन हुआ है।
   हाँ / नहीं
3. आशयों की क्रमबद्धता है ।
   हाँ / नहीं
4. आशयों की प्रस्तुति अपनी भाषा में हुई है।
   हाँ /नहीं
5. शीर्षक उचित है।
   हाँ / नहीं

**संक्षेपण करते समय ध्यान दें...**

- **आशय ग्रहण**
- **मुख्य आशयों का चयन**
- **आशयों की क्रमबद्धता**
- **आशयों की अपनी भाषा में प्रस्तुति**
- **उचित शीर्षक**

**गद्यांश पढ़ें और संक्षेपण करें।**

मेरे भाई बचपन से अपाहिज थे। उनके एक पैर को पोलियो हो गया था। लेकिन वे बहुत सुंदर थे, देवताओं की तरह। वे आसपास के कई गाँवों में सबसे अच्छे तैराक थे और उनको हाथ के पंजों की लड़ाई में कोई नहीं हरा सकता था। घूँसे से नारियल और ईंटें तोड़ देते थे, जबकि मैं दुबला पतला था, कमजोर और चिड़चिड़ा। मुझे अपने भाई से ईर्ष्या होती थी क्योंकि उनके बहुत सारे दोस्त थे।

**गद्यांश पढ़ें और संक्षेपण करें।**

हम सब चाहें तो आनंद और सुख की रश्मियाँ बिखेरकर दुनिया के दुख को कुछ-न-कुछ हल्का ज़रूर कर सकते हैं और जिन लोगों से हमारा संबंध है, उनके जीवन में कुछ-न-कुछ प्रसन्नता तो ज़रूर ही ला सकते हैं। लड़ाई, गरीबी, महँगाई और गुलामी से हमारा जीवन तो वैसे ही मुसीबतों से भरा पड़ा है। फिर भी हम उसमें कुछ सुख और आह्लाद फैलाकर ज़िंदगी की लड़ाई को सहने लायक और जीवन को जीने लायक तो बना ही सकते हैं।

# उत्तर ढूँढ़ें ...

**तालिका पढ़ें ...**

| क्रम संख्या | पाठ | विधा | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुताप | लघु कथा | सुकेश साहनी |
| 2 | मधुऋतु | कविता | जयशंकर प्रसाद |
| 3 | जुलूस | नाट्यरूपांतर | चित्रा मुद्गल |
| 4 | दोहे | कविता | कबीरदास |
| 5 | चाँद और कवि | कविता | रामधारी सिंह दिनकर |
| 6 | आनंद की फुलझडियाँ | निबंध | अनंत गोपाल शेवडे |
| 7 | पत्थर की बैंच | कविता | चंद्रकांत देवताले |
| 8 | दुख | कहानी | यशपाल |
| 9 | अपराध | कहानी | उदयप्रकाश |
| 10 | कहना नहीं आता | कविता | पवन करण |

**सही मिलान करें...**

| | |
|---|---|
| मधुऋतु | रामधारी सिंह दिनकर |
| चाँद और कवि | चंद्रकांत देवताले |
| पत्थर की बैंच | पवन करण |
| कहना नहीं आता | जयशंकर प्रसाद |

| | |
|---|---|
| अनुताप | उदयप्रकाश |
| आनंद की फुलझडियाँ | सुकेश साहनी |
| दुख | अनंत गोपाल शेवडे |
| अपराध | यशपाल |

| | |
|---|---|
| अनुताप | कविता |
| आनंद की फुलझडियाँ | कहानी |
| चाँद और कवि | निबंध |
| अपराध | लघु कथा |

| | |
|---|---|
| जुलूस | कविता |
| मधुऋतु | कहानी |
| अनुताप | नाट्यरूपांतर |
| दुख | लघु कथा |

**(1) 'अनुताप' लघुकथा आपने पढ़ी है।**

**इसकी कुछ घटनाएँ पढ़ें...**

- नए रिक्शेवाले से असलम की आकस्मिक मृत्यु की खबर।
- यात्री को शोक सा लगना।
- असलम के दोनों गुर्दे खराब होना।
- असलम को रिक्शा चलाने से डॉक्टर का मना करना।
- मित्र की मृत्यु पर नए रिक्शेवाले का उदास होना।
- कल की यात्रा में असलम के प्रति उपेक्षा का भाव याद आना।
- नए रिक्शेवाले के रिक्शे से सहसा यात्री का उतरना।
- इसपर नए रिक्शेवाले का हैरान हो जाना।
- यात्री का अपराधी की भांति सिर झुकाए चलना।

**घटनाओं के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

1.'वह किसी अपराधी की भांति सिर झुकाए रिक्शे के साथ साथ चल रहा था ' -कौन अपराधी की भांति चल रहा था ?

(असलम, यात्री, नया रिक्शेवाला)

2 . उसके दोनों गुर्दों में खराबी थी , डॉक्टर ने रिक्शा चलाने से मना कर रखा था ' - किसके दोनों गुर्दों में खराबी थी?

( असलम के, यात्री के, नये रिक्शेवाले के)

**3.उसे शाक-सा लगा। किसको? कब?**

**4. 'उसकी आवाज़ में गहरी उदासी थी।' नए रिक्शेवाले की आवाज़ में उदासी क्यों थी?**

**5. डॉक्टर ने किसको रिक्शा चलाने से मना कर रखा था ? क्यों ?**

**(1) 'मधुऋतु' कविता का आस्वादन आपने किया है।**

मधुऋतु

**ज़रा ये पढ़ें...**

- मधुऋतु - नई व्यथा साथिन।
- सूखे तिनके - प्रणयहीन हैं, जिनको चिर-पतझड में भागना है।
- मलयानिल - मानस नयन नलिन को जगाएगा।
- उषा - जवा कुसुम सी प्राची में खिलेगी।
- शशि-किरनें - अंधकार का जलधि लांघकर आवेंगी।
- अंतरिक्ष - निशि में तुहिन छिड़केगा।

**उत्तर लिखें...**

1. 'झाड़खण्ड के चिर पतझड़ में
   भागो सूखे तिनको!' – किसको चिर पतझड़ में भागना है?
   (मधुऋतु को, सूखे तिनकों को, मलयानिल को)
2. 'नई व्यथा साथिन' कौन है?
   (मधुऋतु , सूखे तिनके, झाड़खण्ड)
3. 'सूखे तिनको' किसको सूचित करता है?
   (प्रेमी, प्रेमिका, प्रणयहीन व्यक्ति)
4. मानस नयन नलिन को कौन जगाएगा?

**5. जवा कुसुम सी कौन खिलेगी? कहाँ?**

**6. शशि किरनें कैसे आवेंगी?**

**7. कौन तुहिन छिड़केगा? कब?**

**(3) चित्रा मुद्गल का नाट्य रूपान्तर 'जुलूस' के पात्रों से आप परिचित हैं।**
**ये सूचनाएँ पढ़ें....**

- **इब्राहिम अली** - अहिंसावादी नेता
- **बीरबल सिंह** - दारोगा
- **महात्मागांधी** - बडा आदमी
- **शंभुनाथ** - दूकानदार
- **दीनदयाल** - दूकानदार
- **मैकू** - चप्पलें बेचने वाला
- **कैलाश** - एक स्वराजी

**उत्तर लिखें...**

1. 'जुलूस' नाट्यरूपान्तर के रचयिता कौन हैं?
(चित्रा मुद्गल, उदय प्रकाश, सुकेश साहिनी )

2 . जुलूस का नेता कौन है?
(इब्राहिम अली, बीरबल सिंह, शंभुनाथ)

3. जुलूस नाट्यरूपान्तर का दारोगा कौन है?
(इब्राहिम अली, बीरबल सिंह, शंभुनाथ)

4.मैकू किसको 'बडा आदमी' मानता है?
(अमीर को, अधिकारी को, महात्मा गांधी को)

5. कोष्ठक से अहिंसावादी पात्र का नाम चुनें ।
(बीरबल सिंह, इब्राहिम अली, डी एस पी)

6. शंभुनाथ और दीनदयाल कौन हैं?
(दूकानदार, दारोगा, सिपाही)

7. चप्पलें बेचने वाला कौन है?
(कैलाश, मैकू, बीरबल सिंह)

8. कैलाश कौन है?
(दारोगा, सिपाही, स्वराजी)

## (4) दोहे से संबंधित निम्नलिखित तत्वों को पढ़ें...

**अपने को पहचाननेवाला सच्चा ज्ञानी है।**

**सादगी से अहंकार दूर होता है।**

**शूर, जाति वर्ण और कुल खोता है।**

**समभाव शूर का लक्षण है।**

**कबीरदास सादा से जीवन बिताता है।**

**उत्तर लिखें..**

1. कबीरदास के अनुसार सादगी से क्या दूर होता है?
   (अहंकार, धन, भक्ति )

2. जाति, वर्ण और कुल कौन खोता है?
   (शूर, लालची, कामी )

3. 'समभाव' किसका लक्षण है ?
   (शूर का, कामी का, लालची का)

4. कबीरदास कैसा जीवन बिताता है?
   (आडंबरपूर्ण, सादा, सुख लोलुप )

5. 'जो दिल खोजौं आपना, मुझ-सा बुरा न कोय' अपना दिल खोजने पर कबीर को क्या पता चला?

7. कौन सच्चा वीर है?

**(5) 'चाँद और कवि' कविता का आस्वादन आपने किया है।**

**पढ़ें, चाँद के विचार...**

**आदमी अनोखा जीव है।**
**आदमी उलझनें स्वयं बनाकर उसमें फँसता है।**
**आदमी का स्वप्न बुलबुले की तरह है।**
**मनु को जनमते मरते देख चुका है।**
**स्वप्न आज बनकर कल फूट जाता है।**

**पढ़ें, कवि के विचार...**

**मनु नहीं, यहाँ मनु-पुत्र है।**
**स्वप्न केवल बुलबुला नहीं इसमें आग भी है।**
**मनुपुत्र की कल्पना की जीभ में धार है।**
**आदमी चाँद तक पहुँच चुके हैं।**
**प्रगति को रोकने वालों को ललकारता है।**

**उत्तर लिखें।**

1. चाँद किसको 'अनोखा जीव' कहता है?
   (आदमी को, पक्षी को, जानवर को)

2 . 'मैं देख चुका हूँ मनु को जनमते-मरते? - यहाँ 'मैं' कौन है?
   (कवि, चाँद, आदमी)

3. किसकी कल्पना की जीभ में धार है ?
   (मनु की, मनुपुत्र की, चॉद की)

4. कवि किसको ललकारता है?

5. चाँद आदमी को अनोखा जीव क्यों कहता है?

**(6) आनंद की फुलझड़ियाँ निबंध की कुछ घटनाएँ पढ़ें...**

**बूढ़ा आदमी अगली पीढ़ी के लिए आम की गुठलियाँ बोता है।**
**संभ्रान्त महिला फल-फूल के बीज फेंकती है और जड़ पकड़ने की आशा करती है।**
**अमेरिका के प्रसिडेंट बेंजमिन फ्रैंक्लीन छात्र को बीस डॉलर दते हैं।**
**लेखक बैंक के क्लर्क के सुलेख की प्रशंसा करता है।**

**उत्तर लिखें...**

1. कौन आम की गुठलियाँ बो रहा है?
(बूढा आदमी, संभ्रान्त महिला, बैंक का क्लर्क)

2. संभ्रान्त महिला क्या बाहर फेंकती जा रही थी?
(फल-फूल के बीज, मिठाइयाँ, टिकट )

3. अमेरिका के प्रेसिडेंट बेंजमिन फ्रैंक्लीन ने गरीब छात्र को क्या दिया?
(बीस डॉलर, पुस्तक, मिठाई)

**4. संभ्रान्त महिला फूल और फल के बीज क्यों बाहर फेंक रही है?**

**5. लेखक ने कहा 'ब्यूटीफुल। यह सुनकर बैंक का क्लर्क प्रसन्न हुआ । क्यों ?**

**6. बूढ़ा आदमी क्यों आम की गुठलियाँ बोता है?**

(7) पत्थर की बैंच पर हुई बातें पढ़ें...

बच्चा बिस्कुट कुतरकर चुप हो रहा है।
बूढ़ा भर दोपहर सो रहा है।
युवक कुचले हुए सपनों को सहला रहा है।
वे दोनों सपने बुन रहे हैं।

**उत्तर लिखें...**

1.कौन बिस्कुट कुतरते चुप हो रहा है ?
(बच्चा, बूढ़ा, युवक )

2. कौन भर दोपहरी सो रहा है ?
(बच्चा, बूढ़ा, युवक )

3. कौन कुचले हुए सपनों को सहला रहा है ?
(बच्चा, बूढ़ा, युवक )

4. कौन सपने बुन रहे हैं?
( बच्चा, बूढ़ा, वे दोनों)

**5.पत्थर की बैंच पर कौन-कौन बैठे हैं ?**

**6.'पत्थर की बेंच जिसपर अंकित हैं आँसू, थकान, विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ' - पत्थर की बेंच पर क्या-क्या अंकित हैं ?**

(8). **दुख कहानी की कुछ घटनाएँ पढ़ें।**

- दिलीप सहेली के साथ सिनेमा देखने गया।
- हेमा दिलीप से रूढ़कर माँ के घर चली गई।
- दिलीप  रास्ते में छोटे लड़के से मिला ।
- उसके परिवार की बुरी हालत पर दिलीप दुखी हुआ
- छोटे लड़के और माँ के बीच का प्यार देखा।
- 'दुख ही देखने को पैदा हुई हूँ' -हेमा के इस विचार से दिलीप असहमत हुआ।

**उत्तर लिखें...**

1. हेमा किससे रूढ़कर चली गई?
   (दिलीप से, सहेली से, भाई से )

2. 'दिलीप ने सोचा, इस ठंडी रात में हमें दो व्यक्ति बाहर है।' -बाहर का दूसरा व्यक्ति कौन है?
   (माँ, छोटा लड़का, जगतू)

3. 'अब मुझे भूख नहीं है तू खा ले। ' माँ ने बेटे से क्यों ऐसा कहा ?
   (प्यार के कारण, भूख न होने के कारण, क्रोध के कारण)

4. 'मैं इस जीवन में दुःख ही देखने को पैदा हुई हूँ।' - यह वाक्य किसने कहा?
   (हेमा ने, दिलीप ने, माँ ने )

9) **‘अपराध’ कहानी से संबंधित निम्नलिखित वाक्य पढ़ें...**



- हम भाइयों के बीच 6 वर्ष का अंतर था।
- बड़ा भाई मज़बूत, सुंदर और ज़िम्मेदार था।
- मैं कमज़ोर और चिड़चिड़ा था।
- हम खड़्ब्बल खेल रहे थे ।
- भाई खेल में मग्न होकर मुझे पूरी तरह भूल चुके थे।
- मैं अकेला छूट गया था।
- मैं ईर्ष्या, आत्महीनता, उपेक्षा और नगण्यता से झुलस रहा था।
- मैं गुस्से से पत्थर पर अपना खडब्बल पटक रहा था।
- अचानक खड़्ब्बल सीधे माथे पर आकर लगा और माथा फूट गया।
- मैंने रोते हुए माँ से कहा कि भाई ने मुझे खडब्बल से मारा है।
- भाई सच बोल रहे थे। पर उन्हें सज़ा मिल रही थी।
- भाई की आँखें सच बोलने की याचना कर रही थीं।।
- वर्षों बाद भी वे आँखें मुझे परेशान करती हैं।

**उत्तर लिखें -**

1. कौन मज़बूत और सुंदर था?
   (छोटा भाई, बड़ा भाई, दोस्त)
2. अपराध कहानी के पात्र को कोष्ठक से चुनें।
   (मैकू, यात्री, बड़ा भाई)
3. वे क्या खेल रहे थे ?
   (फुटबॉल, क्रिकेट, खड़्ब्बल का खेल)
4. ‘मैं ईर्ष्या, आत्महीनता, उपेक्षा और नगण्यता की आँच में झुलस रहा था।’ -कौन ?
   (बड़ा भाई, छोटा भाई, दोस्त)
5. दोनों भाइयों की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?
6. छोटे भाई का माथा कैसे फूट गया ?
8. वर्षों बाद भी छोटा भाई क्यों परेशान था?

**(10) 'कहना नहीं आता' कविता का भाव पढ़ें...**

**शक्तिशाली वर्ग का कहना है कि शोषित को 'कहना नहीं आता।' कवि उस उपेक्षित वर्ग की आवाज़ बनना चाहते हैं।**

**उत्तर लिखें..**

1. 'तुम्हें कहना नहीं आता' यहाँ "तुम्हें" किनका प्रतिनिधित्व करता है?
   (शोषित वर्ग, शोषक वर्ग, शक्तिशाली वर्ग)

2 . 'पहले कहना सीखो
   फिर अपनी बात कहना' - ऐसा कौन कह रहा है?
   (शोषित वर्ग, शक्तिशाली वर्ग, कवि)

3. 'मैं उनमें से एक हूँ।' - यहाँ "मैं" किनका प्रतिनिधि है?
   (शोषक वर्ग, शोषित वर्ग, शक्तिशाली वर्ग )